(ग) प्रत्येक राज्य/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में चालू हालत में रेडियो सेटों की कितनी संख्या है यह सूचना एकत्रित की जा रही है और शीघ्र ही सदन की मेज पर रख दी जायगी।

रेडियो सेटों की देख भाल की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/केन्द्रीय प्रशासित क्षेत्रों की है और उन्होंने इसके लिये अपने देखभाल करने वाले संगठन स्थापित किए हैं।

अक्तूबर, 1964 का भारत-श्रीलंका करार

*26. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :
श्री अब्राहम :
श्री देवकी नन्दन पटोदिया :
श्री रा० बरुआ :
श्री क० मु० देसाई :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार को किस हद तक अब तक क्रियान्वित किया गया है ;

(ख) उसकी क्रियान्विति में यदि कोई कठिनाइयां अनुभव की जा रही हैं तो वे क्या हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि मद्रास सरकार ने हाल ही में इस करार पर पुनर्विचार किये जाने की प्रार्थना की है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) श्रीलंका और भारत दोनों के प्रतिनिधियों की एक सम्मिलित समिति ने श्रीलंका/भारत की नागरिकता देने के लिए प्राथमिक शासन सम्बन्धी प्रबन्ध पूरे कर लिए हैं। करार पर अमल करने के लिए श्रीलंका की तरफ से वहां का कानून अब श्रीलंका की संसद् के सामने है। यह कानून बन जाने के बाद, भारत/श्रीलंका की नागरिकता के लिए अर्जियां मांगने के बारे में नोटिस जारी कर दिये जायेंगे।

(ख) इस करार पर अमल करने में अब तक कोई विशेष कठिनाइयां महसूस नहीं हुई है ।

(ग) जी नहीं ।

बिहार राज्य में मगही भाषा के लिये आकाशवाणी केन्द्र

27. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में मगही भाषा के क्षेत्र के लिए एक पृथक आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने के प्रश्न पर विचार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह केन्द्र कब और किस स्थान पर स्थापित किया जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) बिहार राज्य में मगही बोली के क्षेत्र में आकाशवाणी के वर्तमान पटना केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रम अच्छी तरह सुने जाते हैं ।

ट्रांसमिटरों का आयात

28. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री देवकी नन्दन पटोदिया :
श्री रा० बरुआ :
श्री क० मु० देसाई :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वे शक्तिशाली ट्रांसमिटर जिनका आयात विदेशों से किया जाना था, भारत में आ चुके हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन्हें किस तारीख को और कहां स्थापित किया जायेगा ; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख). विदेशों से आयात किये जाने वाले 15 शक्तिशाली ट्रांसमिटरों में से 4 प्राप्त हो चुके हैं । इन चार ट्रांसमिटरों में से दो ट्रांसमिटर, एक जलंधर में और दूसरा कलकत्ता में, लगाने का काम चालू साल में पूरा हो जाने की आशा है । उम्मीद है कि शेष 13 ट्रांसमिटर अगले तीन सालों के दौरान चालू हो जाएंगे ।

(ग) साज सामान के प्राप्त होने में कोई अनावश्यक देरी नहीं हुई है ।

प्रादेशिक भाषाओं में कार्यक्रम

29. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के पटना केन्द्र से मगही, मैथिली और भोजपुरी में भी कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो 1966 में इन भाषाओं के प्रत्येक कार्यक्रम के प्रसारण के लिए प्रत्येक महीने कितना कितना समय निर्धारित किया गया ;

(ग) उपर्युक्त अवधि में आकाशवाणी के रांची केन्द्र से प्रसारित किये गये कार्यक्रमों का ब्योरा क्या है ; और

(घ) क्या आकाशवाणी के भागलपुर केन्द्र से प्रसारण चालू हो गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रत्येक कार्यक्रम की मासिक औसत अवधि इस प्रकार है :—

मगही	मैथिली	भोजपुरी
250 मिनट	650 मिनट	300 मिनट

(ग) रांची केन्द्र से इन बोलियों में, नियमित रूप से कार्यक्रम प्रसारित नहीं होते, सिवा लोकगीतों के जो सप्ताह में एक बार इन में से किसी बोली में होते हैं।

(घ) जी, हां ।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

30. **श्री मधाहम :**
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री यशपाल :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री उमानाथ :
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री मधु लिमये :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कबीर समिति ने यह सुझाव दिया है कि भारतीय सांख्यिकी संस्था को स्वायत्तशासी निकाय बनाया जाये ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस बारे में क्या निर्णय किया है ; और

(ग) इस समिति ने और क्या क्या सिफारिशें की हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री तथा अणु-शक्ति मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) रिपोर्ट की प्रतियां संसदीय पुस्तकालय में उपलब्ध हैं । समिति की सिफारिशों पर सरकार विचार कर रही है । रिपोर्ट की एक प्रति संस्थान के अध्यक्ष के पास भेज दी गई है और उनसे अनुरोध किया गया है कि इस पर संस्थान द्वारा की गई कार्यवाही से सरकार को अवगत करायें ।